महत्वपूर्ण एवं खास

राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने आज रायगढ़ पहुचकर स्व. ऐश्वर्या मोहन शुक्ला को श्रद्धांजलि अर्पित किया

रायगढ़ । जांजगीर-चांपा कलेक्टर जितेन्द्र शुक्ला की 74 वर्षीय माता श्रीमती ऐश्वर्या मोहन शुक्ला का विगत दिनों स्वर्गवास हो गया था। स्व.श्रीमती ऐश्वर्या मोहन शुक्ला कुछ समय से बीमार चल रही थीं। राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने कलेक्टर जितेन्द्र शुक्ला के रायगढ़ स्थित विनोवा नगर के गृह निवास पर पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित किया। स्व.श्रीमती शुक्ला अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गई हैं। उनके बड़े सुपुत्र जितेन्द्र शुक्ला वर्तमान समय में जांजगीर-चांपा में कलेक्टर के पद पर कार्यरत हैं जबकि छोटे पुत्र विधानसभा में सत्कार अधिकारी के पद पर कार्यरत हैं। राजस्व मंत्री अग्रवाल के साथ कोरबा नगर पालिक निगम के महापौर राजकिशोर प्रसाद, नागरिक सहकारी बैंक के अध्यक्ष अशोक अग्रवाल, विजय केशरवानी, कोरबा नगर पालिक निगम के सभापति श्याम सुंदर सोनी, सुरेन्द्र प्रताप जायसवाल, महेश भावनानी, राजू अग्रवाल उपस्थित रहे।

राज्य में साल बीज का संग्रहण एक लाख क्विंटल से पार : चालू वर्ष में 2.13 लाख क्विंटल संग्रहण का लक्ष्य

रायपुर (आरएनएस)। वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री मोहम्मद अकबर के मार्गदर्शन में राज्य में चालू वर्ष के दौरान अब तक 1 लाख 873 क्विंटल साल बीज का संग्रहण हो चुका है। चालू वर्ष में 2 लाख 13 हजार 110 क्विंटल साल बीज के संग्रहण का लक्ष्य है। अपर प्रबंध संचालक राज्य लघु वनोपज संघ श्री संजय शुक्ला ने बताया कि साल बीज संग्रहण के लिए वर्तमान में 20 रूपए प्रति किलोग्राम दर निर्धारित है। इनमें अब तक वन मण्डलवार गरियाबंद में 21 हजार 770 क्विंटल, धमतरी में 14 हजार 917 क्विंटल साल बीज का संग्रहण किया जा चुका है। इसी तरह वन मण्डलवार कांकेर में 3 हजार 109 क्विंटल, जशपुर में 7 हजार 402 क्विंटल, धर्मजयगढ़ में 4 हजार 110 क्विंटल तथा मरवाही में 2 हजार 416 क्विंटल साल बीज का संग्रहण हो चुका है। वन मण्डलवार अब तक कवर्धा में 1 हजार 464 क्विंटल, जगदलपुर में 9 हजार 436 क्विंटल, कटघोरा में 1 हजार 17 क्विंटल, सूरजपुर में 2 हजार 575 क्विंटल तथा रायगढ़ में 1 हजार 186 क्विंटल साल बीज का संग्रहण किया गया है। इसके अलावा वन मण्डलवार बलौदाबाजार में 819 क्विंटल, नारायणपुर में 1 हजार 846 क्विंटल, सरगुजा में 1 हजार 582 क्विंटल, मनेन्द्रगढ़ में 774 क्विंटल, कोरबा में 624 क्विंटल तथा कोरिया में 23 क्विंटल साल बीज का संग्रहण हो चुका है। इसके अलावा वनमंडलवार केशकाल में 11 हजार 478 क्विंटल, दक्षिण कोंडागांव में 7 हजार 732 क्विंटल, पूर्व भानुप्रतापपुर में 4 हजार क्विंटल, बलरामपुर में 1 हजार 950 क्विंटल, पश्चिम भानुप्रतापपुर में 70, तथा बिलासपुर में 435 क्विंटल साल बीज का संग्रहण किया गया है।

सिनेमा हॉल, पार्क, स्पोर्ट्स काम्पलेक्स और स्वीमिंग पुल संचालन की मिली सशर्त अनुमति

» कलेक्टर भीम सिंह ने जारी किया आदेश

रायगढ़ । कलेक्टर भीम सिंह द्वारा पूर्व में जारी आदेश में आंशिक संशोधन करते हुये रायगढ़ जिले में स्थित सिनेमा हॉल, मल्टीप्लेक्स, थियेटर, पार्क (उद्यान), थीम पार्क, वाटर पार्क, स्टेडियम/स्पोर्टस काम्पलेक्स, स्वीमिंग पुल को विभिन्न शर्तो के अधीन संचालन हेतु आदेश जारी किया है। यह आदेश 28 जून 2021 से प्रभावशील होगा।

जारी आदेश के तहत प्रवेश द्वार पर सेनेटाईजर डिस्पेंसर एवं थर्मल स्क्रीनिंग की व्यवस्था करना अनिवार्य होगा। परिसर में केवल कोरोना के लक्षण रहित व्यक्तियों को प्रवेश हेतु अनुमति दी जाये। फेस कवर/मास्क

का उपयोग करने वाले व्यक्तियों को ही प्रवेश की अनुमति दी जाये। कोविड-19 के निवारक उपायों के बारे में पोस्टर/स्टैण्डी प्रमुखता से प्रदर्शित किये जाये। कोविड-19 के निवारक उपायों के बारे में जागरूकता फैलाने के लिये ऑडियो और वीडियो क्लिप को नियमित रूप से चलाया जाना चाहिये। परिसर के बाहर पार्किंग स्थल, लॉबी, वॉशरूम में सोशल डिस्टेसिंग/फिजीकल डिस्टेसिंग को ध्यान में रखते हुये उचित भीड़ प्रबंधन सुनिश्चित किया जाये। श्वसन शिष्टाचार का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाये। हॉल में उपस्थित सभी व्यक्ति खांसते/छींकते समय टीशू पेपर, रूमाल, मुड़ी हुई कोहनी का प्रयोग करेंगे। परिसर के बाहर और भीतर स्थित टिकट बुकिंग काउंटर, दुकान, स्टॉल, कैफेटेरिया में कार्यरत कर्मचारियों को फेस मास्क/फेस कव्हर, दस्ताने पहनना अनिवार्य होगा। कतार व्यवस्था एवं सोशल डिस्टेसिंग का पालन कराने हेतु परिसर में गोल घेरा, सर्कल, निशान लगाई जाये। प्रवेश पर बर्हिगमन हेतु कतार में खड़े होने वाले व्यक्तियों के मध्य न्यूनतम 6 फीट की शारीरिक दूरी सुनिश्चित की जाये। एयर-कंडीशनिंग/वेंटिलेशन के लिये सीपीडब्ल्यूडी के दिशा-निर्देश का पालन किया जाये जिसके अंतर्गत सभी एयर कंडीशनिंग उपकरणों की तापमान सेटिंग 24 से 30 डिग्री सेल्सियस तथा रिलेटिव हयूमिडिटी 40 से 70 प्रतिशत की सीमा में होनी चाहिये। ताजा हवा एवं क्रांस वेन्टीलेटर हेतु पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। प्रत्येक शो समाप्ति के अंतराल में संपूर्ण परिसर एवं कॉमन एरिया का सेनिटाईजेशन एवं नियमित साफ-सफाई किया जाये। टिकट बुकिंग, खाद्य एवं पेय पदार्थों के भुगतान हेतु डिजिटल भुगतान को प्रोत्साहित किया जाये। आगुंतकों का टिकट बुकिंग के दौरान नाम, पता, मोबाइल नंबर अनिवार्य रूप से लिया जाये, ताकि भविष्य में कांटेक्ट ट्रेसिंग में सुविधा हो। टिकट बुकिंग, खाद्य एवं पेय पदार्थों के विक्रय हेतु एक से अधिक काउंटर की व्यवस्था की जाये। परिसर के फर्श को दिन में नियमित रूप से साफ किया जाये। परिसर में पान, गुटखा खाकर थूकना एवं अन्यथा थूकना प्रतिबंधित रहेगा। परिसर में केवल पैकेट बंद खाद्य पदार्थों के विक्रय की अनुमति होगी। सिनेमा हॉल, थियेटर, मल्टीप्लेक्स के भीतर खाद्य एवं पेय पदार्थों की डिलीवरी प्रतिबंधित रहेगा। आंगतुकों/कर्मचारियों द्वारा छोटे गये मास्क, फेस कव्हर, दस्तानों को चिकित्सीय अपशिष्ट मानते हुये खाद्य एवं पेय पदार्थों के अपशिष्ट का प्रबंधन/निपटान उचित ढंग से किया जायेगा। गर्भवती महिला, वृद्ध एवं उपचाररत कर्मचारियों से विशेष सावधानी बरतते हुये कार्य लिया जाये।

इस आदेश का उल्लंघन करने वाले व्यक्तियों/प्रतिष्ठानों पर भारतीय दण्ड संहिता 1860 की धारा 188, आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 की धारा 51-60 तथा अन्य सुसंगत विधि अनुसार कड़ी कार्यवाही की जायेगी।

ग्राम घघरा में खरसिया पुलिस की जुआ रेड... 4 जुआरियों गिरफ्तार, फड से 12 हजार रुपए जब्त

रायगढ़। दिनांक 26.06.2021 के शाम थाना प्रभारी खरसिया निरीक्षक एस.आर. साहू, उप निरीक्षक जयमंगल पटेल एवं हमराह आरक्षकों के साथ क्षेत्र में अवैध शराब, जुआ-सट्टा की पतासाजी के लिये पेट्रालिंग पर थे। इसी दौरान ग्राम घघरा में मुखबिर द्वारा थाना प्रभारी को कुछ जुआडियान के केंवटीन तालाब मेड में 52 पत्ती से काटपत्ती नामक जुआ खेलने की सूचना दिया गया। सूचना पर पुलिस टीम घेराबंदी कर जुआ रेड कार्रवई किये जुआडियान 01. लव कुमार पिता विश्वनाथ राठौर उम्र 41 वर्ष साकिन घघरा थाना खरसिया 02. सियाराम पिता रामकुमार भारद्वाज उम्र 26 वर्ष साकिन तेलीकोट थाना खरसिया 03. अनिल राठौर पिता भूनेश्वर राठौर उम्र 26 वर्ष साकिन रायगढ रोड खरसिया 04. नरेश चन्द्रा पिता सुकुल

प्रसाद चन्द्रा उम्र 37 वर्ष साकिन रगजा थाना सक्ती जिला जांजगीर चांपा को मौके पर पकड़ा गया। जुआरियों के फड एवं पास से जुमला 12,250 रुपए, 52 पत्ती तास एवं एक प्लास्टिक तिरपाल जप्त किया गया है। आरोपियों के विरूद्ध थाना खरसिया में धारा 13 सार्व धुत अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है।

मोहल्ला कक्षा लेने वाले 36-36 शिक्षक हर जिले में होंगे पुरस्कृत : स्कूल शिक्षा मंत्री की घोषणा

» "मोहल्ला क्लास में जाके पढ़बो, तभे नवा छत्तीसगढ़ गढ़बो": मंत्री डॉ. टेकाम

» पढ़ई तुंहर द्वार कार्यक्रम के दूसरे वर्ष की शुरूआत के पूर्व वेबीनार

रायपुर, 27 जून (आरएनएस)। कोरोना लॉकडाउन के दौरान बच्चों की पढ़ाई जारी रखने के लिए संचालित पढ़ई तुंहर द्वार कार्यक्रम के दूसरे वर्ष की शुरूआत के पूर्व समग्र शिक्षक द्वारा आयोजित वेबीनार में स्कूल शिक्षा मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम ने शामिल होकर नवाचारी शिक्षकों से बच्चों की शिक्षा और शिक्षा पद्धति के संबंध में चर्चा की। उन्होंने पढ़ई तुंहर दुआर कार्यक्रम के अंतर्गत नियमित रूप से नियमित कक्षा लेने वाले प्रत्येक जिले से 36-36 शिक्षकों को पुरस्कार प्रदान करने की घोषणा की। मंत्री डॉ. टेकाम ने कहा कि वेबीनार में नवाचारी शिक्षकों के माध्यम से बच्चों की नियमित पढ़ाई की समस्याओं का हल ढूंढने का प्रयास किया गया। कार्यक्रम में बस्तर से लेकर सरगुजा तक के शिक्षकों से चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सोच के अनुसार 'मोहल्ला क्लास में जाके पढ़बो, तभे नवा छत्तीसगढ़ गढ़बो'। यह कार्य सभी नवाचारी शिक्षकों की सक्रियता से ही पूरा होगा। वेबीनार में 62 हजार से अधिक शिक्षकों ने भाग लिया। स्कूल शिक्षा मंत्री ने 22 नवाचारी शिक्षकों के अनुभव सुनें। स्कूल शिक्षा मंत्री डॉ. टेकाम ने कहा कि पढ़ई तुंहर द्वार कार्यक्रम के अंतर्गत गत वर्ष राज्य के शिक्षकों ने नवाचार के माध्यम से बच्चों की पढ़ाई के लिए अच्छा कार्य किया है।

उन्होंने कहा कि लॉकडाउन का यह दूसरा सत्र है और अभी हम यह अनुमान नहीं लगा सकते कि स्कूल कब खुलेंगे। ऐसी परिस्थितियों को ध्यान में रखकर पिछले साल से भी बेहतर कार्य करना होगा। काम के तरीकों में बदलाव लाना पड़ेगा तभी हम अपने कार्य में सफल हो सकेंगे। मंत्री डॉ.टेकाम ने कहा कि कोरोना के पहले टेक्नोलॉजी का उतना अधिक उपयोग नहीं करते थे, लेकिन पिछले वर्ष बच्चे और बुजुर्ग भी नई-नई तकनीक सीखकर उसका उपयोग बड़ी आसानी से करने लगे हैं।

उन्होंने कहा कि पहले हम समुदाय से बच्चों की शिक्षा में सहयोग के लिए बहुत मेहनत करते थे। अब पालक एवं समुदाय स्वयं पहल कर बच्चों को सिखाने के लिए शिक्षा सारथी बन रहे हैं। पढ़ाई के लिए सीखने-सिखाने शिक्षकों को बहुत सारे प्रशिक्षण देना होता है। कोरोना से सबको स्वयं अपनी परिस्थितियों के अनुसार नये-नये तरीकों को खोजकर बेहतर और प्रभावी अध्यापन के लिए तैयार किया। स्कूल शिक्षा मंत्री डॉ. टेकाम ने कहा कि छत्तीसगढ़ के शिक्षकों ने बहुत नवाचार किए हैं।

हाटी पुल से हाथ पैर बांधकर नदी में फेंके गये गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को डायल 112 टीम ने पहुंचा अस्पताल

» जमीन विवाद को लेकर बड़े भाइयों अपहरण कर मारपीट करने के बाद हत्या की नियत से नदी में फेंका था

रायगढ़। दिनांक 27/06/2021 के सुबह 10:16 बजे डॉयल 112 छाल राइनो को कॉलर कॉल कर इवेंट दिया कि हाटी नदी के पास एक व्यक्ति विनोद कुमार पन्ना अपना नाम बता रहा है जो गंभीर रूप से घायल है और रात को उसके बड़े भाई और साथी मारपीट कर हाथ पैर को बांध कर पुल के ऊपर से नदी में फेंकना बता रहा है। इवेंट पर तत्काल मौके पर छाल राइनो में आरक्षक दुर्गेश पटेल, ईआरवी चालक हरीश पटेल मौके पर पहुंचे। आहत के हाथ, पैर में मारपीट के गंभीर चोटें थी, चलने में असहाय था, जिसे आरक्षक दुर्गेश पटेल नदी के तट से ग्रामीणों की मदद से उठाकर वाहन तक लाया और ईआरवी में बिठाकर छाल हॉस्पिटल लाया। छाल

हॉस्पिटल से आहत को खरसिया हॉस्पिटल बाद रायगढ़ हॉस्पिटल रेफर किया गया है। डॉयल 112 स्टाफ द्वारा थाना प्रभारी छाल को घटना की सूचना दी गई। थाना छाल से उप निरीक्षक आरएस तिवारी द्वारा आहत को बयान लेकर उसके रिपोर्ट पर बिना नम्बरी अपराध दर्ज किया गया है।

आहत विनोद पन्ना पिता नंदी पन्ना उम्र 34 वर्ष निवासी ग्राम रेडे थाना बागबाहर जिला जशपुर बताया कि दिनांक 02/06/2021 को ग्राम जगड़ा थाना धर्मजयगढ़ में उसके मामा के लड़के व उसके दोस्तों के साथ उसका झगड़ा विवाद हुआ था, जिसमें आई चोट का इलाज पत्थलगांव में कराने के बाद ठीक नहीं होने पर दिनांक 24/06/ 2021 को लैलूंगा अस्पताल में भर्ती हुआ था जहां उसका इलाज चल रहा था। दिनांक 26/06/2021 के सुबह करीब 9-10 बजे के बीच अस्पताल से नाश्ता करने बाहर निकला था। उसी समय उसका बड़ा भाई पारस पन्ना (38 वर्ष) जो लैलूंगा हाई स्कूल पारा में रहता है वह और बड़ा भाई मुन्नू पन्ना (35 साल) उनके दोस्त अजय चौहान के साथ एक इनोवा गाड़ी में आए और उसे मारपीट कर जबरन गाड़ी में बिठा कर कोरबा जाने वाले रास्ते की ओर ले गए। जहां हाटी पुल के पास तीनों गाड़ी में रखे राड, डंडा से इसे (विनोद पन्ना) को मारपीट किए और उसके शर्ट से उसका हाथ , पैर बांधकर उसे हत्या करने की नियत से पुल के ऊपर से नदी में फेंक दिए थे। आहत बताया कि इनका कोरबा न्यायालय में जमीन विवाद का प्रकरण चल रहा है, उसी जमीन विवाद को लेकर भाइयों द्वारा साथी अजय चौहान के साथ मिलकर घटना किए हैं। छाल पुलिस नामजद आरोपी पारस पन्ना, मुन्ना पन्ना व अजय चौहान के विरुद्ध शून्य पर अपहरण सहित हत्या का प्रयास का मामला (365,307,34 आईपीसी) दर्ज कर घटनास्थल लैलूंगा थाना क्षेत्र का होने से अग्रिम विवेचना के लिए थाना लैलूंगा डायरी भेजा गया है।

फरार मवेशी तस्कर एक वर्ष बाद हैदराबाद से गिरफ्तार

जगदलपुर (आरएनएस)। जिले की नगरनार पुलिस ने फरार मवेशी तस्कर सैयद नसीर पिता सैयद वहाब जाति मुस्लिम उम्र 38 वर्ष निवासी 5/56 ड्रायवर कालोनी हैदराबाद जिला मेदक हाल संगारेड्डी जहराबाद तेलगंना को हैदराबाद से एक वर्ष बाद गिरफ्तार कर आज न्यायालय में पेश किया गया जहां से फरार मवेशी तस्करी के आरोपी को न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल कर दिया है। नगरनार थाना प्रभारी शिवशंकर गेंदले ने बताया कि 22 दिसम्बर 2020 को मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि ट्रक क्रमांक टीएस 12 यूसी 9188 एवं सीजी 15 डीजे 2089 में अवैध रूप से मवेशियों को भरकर ला रहे हैं। चोकावाडा के पास नाकेबंदी कर वाहनों की जांच करने पर दोनों वाहन में मवेशियां मिले। अवैध रूप से मवेशियों की तस्करी करते गिरफ्तार दो आरोपियों को पहले ही जेल दाखिल कराया जा चुका है। वहीं ट्रक टीएस 12 यूसी 9188 के फरार चालक सैयद नसीर की पतासाजी कर 27 जून को हैदराबाद से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया।

जिले में स्वास्थ्य क्षेत्र में किये कार्यों के लिये मुख्य सचिव जैन ने कलेक्टर भीम सिंह की सराहना की

रायगढ़ । मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने गत दिवस सभी जिलों की वर्चुअल समीक्षा बैठक के दौरान स्वास्थ्य के क्षेत्र में जिले में किये कार्यों के लिये कलेक्टर भीम सिंह को सराहना की। उन्होंने कलेक्टर सिंह से कहा कि आप के कार्य से दूसरों को प्रेरणा मिल रही है, इसके लिये आप बधाई के पात्र है। समीक्षा बैठक के दौरान जिलों में हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत किये जाने पर चर्चा की जा रही थी। इस दौरान कलेक्टर सिंह ने बताया कि रायगढ़ जिले में इस दिशा में पहले ही कार्य चालू कर दिया गया है। सीएसआर तथा डीएमएफ से करोड़ो रुपये खर्च कर अस्पतालों के उन्नयन व उपकरणों की खरीदी जैसा कार्य किया जा

रहा है। अस्पतालों में एक्स-रे मशीन, ब्लड बैंक, लैब, एम्बुलेंस जैसी सुविधायें मुहैय्या करवायी जा रही है। कोविड के इलाज के लिए मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार किया गया है। कोविड वैक्सीनेशन का कार्य भी जिले में काफी तेजी से किया जा रहा है। इस पर मुख्य सचिव जैन ने उनके कार्य को अनुकरणीय बताया।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा प्रदेश के सभी शासकीय अस्पतालों में स्वास्थ्य अधोसंरचना एवं सुविधाओं के विस्तार सहित राज्य सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं के क्रियान्वयन के संबंध में दिए गए निर्देशों के परिपालन में मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के द्वारा कलेक्टर कॉन्फ्रेंस ली और विभिन्न विभागों द्वारा संचालित फ्लैगशिप योजनाओं के क्रियान्वयन के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए।

मुख्य सचिव ने कहा कि मुख्यमंत्री जी की मंशा अनुरूप राज्य में स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल के माध्यम से जिस तरह शैक्षणिक इंफ्रास्ट्रक्चर का विकास किया गया है, इसी तरह उन्होंने मेडिकल इंफ्रास्ट्रक्चर को उत्कृष्ट बनाने के निर्देश दिए है। मुख्य सचिव ने सभी जिला कलेक्टरों को अपने जिले में मेडिकल इंफ्रास्ट्रक्चर को बढ़ावा देने के लिए कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की मंशा है कि प्रदेशवासियों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं प्राप्त हों।

मुख्य सचिव ने कहा कि मुख्यमंत्री ने गौठानों की भूमिका और उपयोगिता को देखते हुए यहां मिनी राइस मिल तथा कोदो-कुटकी के लिए हालर मिल जैसी संभावनाओं को मूर्त रूप देने के निर्देश दिए हैं। इसके दिशा में सभी कलेक्टर प्रयास कार्य करें।

मुख्य सचिव ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य में कोविड-19 वैक्सीनेशन के कार्य को जिला प्रशासन ने व्यापकता के साथ अभियान चलाकर बेहतरीन रूप से किया है। इस गति को आगे भी बरकरार रखा जाए। उन्होंने मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप जिला कलेक्टरों को कोविड संक्रमण से बेसहारा और अनाथ हुए बच्चों की शिक्षा व्यवस्था तथा छात्रवृत्ति के लिए पूरे संवेदनशीलता के साथ कार्य करने और महतारी दुलार योजना के माध्यम से सहायता उपलब्ध कराने को कहा। मुख्य सचिव ने कहा कि राज्य में धान के बदले अन्य फसल लेने हेतु किसानों को प्रोत्साहित करने के लिए विभिन्न योजनाएं प्रारंभ की गई है। ऐसे किसानों को जिला प्रशासन और कृषि विभाग हर संभव मदद करें और उनकी कठिनाईयों को दूर करें। उन्होंने गौठानों के माध्यम से बनाए गए उपयोगी वर्मी कम्पोस्ट और सुपर कम्पोस्ट के उपयोग के लिए किसानों को प्रोत्साहित करने को कहा। मुख्य सचिव ने बरसात के कारण होने वाली जलजनित मौसमी बीमारियों की रोकथाम एवं उपचार, वर्षा की स्थिति एवं बाढ़-आपदा से बचाव एवं राहत उपायों की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम, रोका-छेका अभियान, गांवों में चारागाह के लिए अतिक्रमित भूमि को रिक्त करवाने एवं उसमें उन्नत किस्म के चारे उगाने की कार्ययोजना की जानकारी ली। मुख्य सचिव ने गौठानों में चारागाह बनाने और इनमें अच्छी किस्म का चारा लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने आगामी एक जुलाई से प्रदेश भर में चलाए जाने वाले रोका-छेका अभियान को सफल बनाने के लिए ग्राम सभाओं का आयोजन कर लोगों का सहयोग लेने को कहा। उन्होंने इसके लिए गौठान प्रबंधन समिति बैठक आयोजित करने, गौठानों में पशु चिकित्सकों की सेवाएं उपलब्ध कराने को कहा। धान खरीदी केन्द्र से धान उठाव की स्थिति की समीक्षा की गयी तथा शेष रह गए धान का उठाव शीघ्र करवाने के निर्देश दिए।

मुख्य सचिव ने लोक सेवा गारंटी योजना के तहत प्राप्त आवेदनों तथा नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन जैसे राजस्व प्रकरणों का तेजी से निराकरण करने को कहा। उन्होंने राजस्व प्रकरणों को तीव्रता से निपटाने के लिए तहसील स्तर पर राजस्व विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से सप्ताह में एक दिन कैंप करने को कहा। जिले से इस समीक्षा बैठक में कलेक्टर भीम सिंह, नगर निगम आयुक्त जयवर्धन एस, सीईओ जिला पंचायत डॉ.रवि मित्तल, सीएमएचओ डॉ. एस.एन.केसरी, उप संचालक कृषि एल.एम.भगत सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480